**प्रेस नोट दिनांक 06.04.2021**

**थाना क्योलड़िया जनपद बरेली**

**थाना क्योलड़िया #bareiilypolice द्वारा नकली जहरीली शराब बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश कर अभियुक्तगण 1. धनपाल 2. सौरभ उर्फ सचिन कुमार 3. महेश को गिरफ्तार कर कब्जे से अवैध जहरीली शराब बनाने में प्रयोग होने वाले 02 नीली कैन प्लास्टिक में 150 लीटर रैक्टीफाइड स्प्रिट भरा हुआ, 02 कैन प्लास्टिक 40 - 40 लीटर खाली रैक्टीफाईड स्प्रिट की, 02 बोरे सफेद प्लास्टिक के खाली पौव्वे, 02 बोरे में भरे हुए पौव्वे एक बोरे में विन्डीज कम्पनी के 218 पौव्वे व एक बोरे में सोल्जर कम्पनी के 178 पौव्वे कुल 396 पौव्वे भरे हुए अपमिश्रित शराब के, पौव्वो के ढक्कनो के 02 पॉलिथिन एक पॉलिथिन में प्लास्टिक के ढक्कन व एक पॉलिथिन में धातु के ढक्कन जिस पर सुपीरियर इन्ड्रस्ट्रीज लिमिटेड बरेली अंकित है ,एक पॉलिथिन क्यू-आर कोड चिट, 02 प्लास्टिक की बोतल में करीब 02 लीटर कैरामल, एक पुलिन्दा ब्राउन टेप का गुल्ला, एक प्लास्टकि का पाईप, एक कार टाटा इडिंगो सफेद रंग नं0 DL9C (कीमत करीब 02 लाख रुपये बरामदगी)**

आगामीं त्रिस्तरीय ग्राम पंचायत चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने के उदेश्य से निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशानुसार श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय जनपद बरेली के निर्देशन में श्रीमान पुलिस अधीक्षक ग्रामीण व श्रीमान क्षेत्राधिकारी नवाबगंज जनपद बरेली के कुशल पर्यवेक्षण में दिनाँक 05.04.2021 की रात्रि को उ0नि0 कपिल कुमार मय उ0नि0 श्री तिलकराम मय हमराह फोर्स का0 2970 अंकित भारती, का0 2873 राधेश्याम, का0 2971 रनवीर सिंह, का0 2871 विवेक कुमार, का0 1526 सुमित शर्मा मय वाहन सरकारी UP 25 AG 0662 मय चालक का0 2032 विकाश कुमार के थाना क्योलडिया से वास्ते देखरेख शान्ति व्यवस्था त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के मद्देनजर रखते हुए चैकिंग संदिग्ध व्यक्ति/वाहन कस्बा क्योलडिया मे पैट्रोल पम्प तिराहा पर मामूर थे कि जरिये मुखबिर खास सूचना मिली की ग्राम असुआ में सौरभ उर्फ सचिन कुमार के खेत में नकली अपमिश्रित शराब बनाई जा रही है। मुखबिर की सूचना पर विश्वास करते हुए पुलिस बल ग्राम असुआ में सचिन उपरोक्त के खेत से कुछ दूर पहुचा तो सचिन उपरोक्त के खेत में 04 व्यक्तियो द्वारा 2 बडे प्लास्टिक के ड्रम व 02 छोटे प्लास्टिक के ड्रमों में नकली अपमिश्रित शराब बनाकर खाली पव्वो में भरकर सील कर गाडी मे रखी जा रही थी। मौके पर ही पुलिस टीम द्वारा घेराबन्दी कर 03 अभियुक्तगणो 1. धनपाल पुत्र तुलाराम उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गुलडिया लेखराज थाना क्योलडिया जिला बरेली 2. सौरभ उर्फ सचिन कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम असुआ थाना क्योलडिया जिला बरेली 3. महेश पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम असुआ थाना क्योलड़िया जिला बरेली को नकली अपमिश्रित जहरीली शराब 396 भरे हुए पौव्वे में, खाली पव्वे, ढक्कन, 02 नीली प्लास्टिक की कैन रैक्टीफाईड स्प्रिट भरे हुए व 02 नीली प्लास्टिक की कैन खाली, एक प्लास्टिक पाईप, ब्राउन टेप, बार कोड चिट, एक कार टाटा इंडिगो कार नं0 DL9C1357 आदि के साथ मौके पर गिरफ्तार किया गया। मौके पर ही आबकारी निरीक्षक श्री चमन सिंह अपने सहयोगी निरीक्षक श्री विजयचन्द्र जयशवाल मय हमराह आरक्षी अभिषेक मिश्रा व हे0का0 अजेन्द्रपाल सिंह को जरिये दूरभाष बुलाया गया। एक अभियुक्त सत्यपाल पुत्र नन्हेलाल जाटव निवासी ग्राम असुआ थाना क्योलडिया जिला बरेली रात्रि अन्धेरे का फायदा उठाते हुए मौके से भाग गया। अभियुक्तगणो से बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0स0 58/2021 धारा 62/72 आबकारी अधिनियम व धारा 272, 273, 420, 467, 468, 471, 120B भादवि पंजीकृत कर अभियुक्तगणो के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही की जा रही है।

**पंजीकृत अभियोग का विवरण** :-

1. मु0अ0स0 58/2021 धारा 62/72 आबकारी अधिनियम व धारा 272, 273, 420, 467, 468, 471, 120B भादवि बनाम धनपाल आदि 04 नफर थाना क्योलडिया जनपद बरेली

**<u>बरामदगी का विवरण :-</u> सभी बरामदगी की कुल कीमत करीब 02 लाख रुपये**

1. 02 नीली प्लास्टिक की कैन जिनमें एक-एक में 100 लीटर व 50 लीटर (कुल 150 लीटर) रैक्टीफाईड स्प्रिट भरा हुआ
2. 02 नीली प्लास्टिक की कैन खाली 40-40 लीटर
3. 02 बोरे सफेद प्लास्टिक के खाली पौव्वे
4. कुल 396 भरे हुए पौव्वे जिनमे से विन्डीज कम्पनी के 218 पौव्वे व सोल्जर कम्पनी के 178 पौव्वे भरे हुए
5. पौव्वो के ढक्कनो के दो पॉलिथिन एक पॉलिथिन में प्लास्टिक के ढक्कन, एक पॉलिथिन में धातु के ढक्कन
6. एक पॉलिथिन क्यू-आर कोड चिट
7. 02 प्लास्टिक की बोतल में करीब 02 लीटर कैरामल
8. ब्राउन टेप का गुल्ला व एक प्लास्टकि का पाईप
9. एक गाडी टाटा इडिंगो सफेद रंग नं0 DL 9 C Z 1357
10. 900/- रुपये नगद

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त :-</u>**

1. धनपाल पुत्र तुलाराम उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम गुलडिया लेखराज थाना क्योलडिया,बरेली
2. सौरभ उर्फ सचिन कुमार पुत्र जगदीश प्रसाद उम्र 22 वर्ष निवासी ग्राम असुआ थाना क्योलडिया, बरेली
3. महेश पुत्र राजेन्द्र प्रसाद उम्र 25 वर्ष निवासी ग्राम असुआ थाना क्योलड़िया,बरेली

**<u>फरार अभियुक्त</u>**

1. सत्यपाल पुत्र नन्हेलाल जाटव निवासी ग्राम असुआ थाना क्योलडिया जिला बरेली

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम</u>** :-

1. राजेन्द्र सिंह सिरोही थानाध्यक्ष थाना क्योलडिया जनपद बरेली
2. आबकारी निरीक्षक श्री चमन सिंह क्षेत्र 6 नवाबगंज बरेली
3. आबकारी निरीक्षक श्री विजयचन्द्र जयशवाल क्षेत्र फरीदपुर बरेली
4. उ0नि0 श्री कपिल कुमार थाना क्योलडिया जनपद बरेली
5. उ0नि0 श्री तिलकराम थाना क्योलडिया जनपद बरेली
6. मु0आ0 अजेन्द्रपाल सिंह आबकारी क्षेत्र नवाबगंज बरेली
7. आरक्षी अभिषेक मिश्रा क्षेत्र नवाबगंज जनपद बरेली
8. का02971 रनवीर सिंह थाना क्योलडिया जनपद बरेली
9. का02970 अकित भारती थाना क्योलडिया जनपद बरेली
10. का02871 विवेक कुमार थाना क्योलडिया जनपद बरेली
11. का0 1526 सुमित शर्मा थाना क्योलडिया जनपद बरेली
12. का0 2873 राधेश्याम थाना क्योलडिया जनपद बरेली
13. का0 2032 विकाश कुमार थाना क्योलडिया जनपद बरेली।

**थानाध्यक्ष**

**थाना क्योलड़िया, बरेली।**